तेरी बांकी अदा | by Sheetal Pandey

तेरी बांकी अदा ने ओ सांवरे
हमें तेरा दीवाना बना दिया
तेरा टेढ़ा मुकुट तेरी टेढ़ी छंटा
तेरा बांका मुकुट तेरी बांकी छंटा
तूने हमें भी आशिक़ बना दिया

तेरा प्यार है मेरी ज़िन्दगी
मेरा काम है तेरी बंदगी
जो तेरी ख़ुशी वो मेरी ख़ुशी
तेरी एक नज़र का सवाल है
हमें होश है ना ख़याल है
तूने हमें दीवाना बना दिया
तेरी बांकी अदा ने.........

मेरे दिल में तू ही तू बसा
मुझे छाया तेरा ही नशा
मैं जिस्म हूँ मेरी जान तू
तेरा जादू जबसे सवार है
मुझे चैन है ना क़रार है
तूने हमें भी कायल बना दिया
तेरी बांकी अदा ने.........

मेरी ज़िन्दगी का नाज़ तू
मेरी हर ख़ुशी का राज़ तू
तेरी हर अदा सबसे जुदा
ये जो हल्का हल्का सुरूर है
ये तेरी नज़र का कसूर है
तूने हमें भी आशिक़ बना दिया
तेरी बांकी अदा ने.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%85%e0%a4%a6%e0%a4%be-by-sheetal-pandey/